तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025


4 जनसमस्याओं के तत्परता से निराकरण, पर्यावरण...



4 सीड बाल महाअभियान में स्कूली बच्चों की हरियाली...






धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

Hero Genuine Spare Parts

सादिक मोटर्स

हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि

ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता

पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361



आवश्यकता है

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


## हाथियों के आतंक से त्रस्त क्षेत्र लोग आज वन कार्यालय का करेंगे घेराव

**मैनपुर।** विकासखण्ड के कई ग्रामों के लोग हाथियों के आतंक से त्रस्त हो चुके हैं। हाथियों के दल ने सैकड़ों एकड़ फसल को रौंदकर तबाह कर दिया है, अभी भी जारी है। ग्रामीण शाम होते ही अपने आपको घरों के भीतर कैद करने मजबूर हो रहे है। दो दिन पहले तौरेंगा कोदोमाली में एक हाथी द्वारा एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया था। हाथियों द्वारा फसल नुकसान के बाद किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिल पा रहा है। इन सभी समस्याओं को लेकर 16 अक्टूबर को नगर के दुर्गामंच में सुबह 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल वन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपिल, एलियाल बाघमार, बलिराम ठाकुर, सियाराम ठाकुर, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, थानुराम पटेल ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर आंदोलन को सफल बनाएं।

### निरीक्षण के बाद बेहतर भोजन और पानी सहित अन्य सुविधाएं खिलाड़ियों को मिलीं

# सांसद खेल महोत्सव में पहुंचे कलेक्टर ने खिलाड़ियों का किया जमकर उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खबर का असर



सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों को भोजन, पानी और अन्य सुविधाएं नहीं मिलने की खबर के प्रकाशन बाद बुधवार को कलेक्टर स्टेडिमय पहुंचे। स्टेडियम में खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन किया। व्यवस्थाओं को देखा, उसके बाद खिलाड़ियों को सुचारू रुप से भोजन, पानी और अन्य सुविधाएं में सुधार हुआ।

गरियाबंद जिले के मैनपुर के भाठीगढ़ पैरी मिनी स्टेडियम में मंगलवार से तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिता को सफल संपन्न कराने के लिए सडीएम द्वारा बैठक आयोजित कर सभी विभाग प्रमुखो की बैठक ली थी और जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन खेल प्रतियोगिता प्रारंभ होते ही खाद्य विभाग ने खिलाड़ियों के भोजन के लिए चांवल देने से मना कर दिया, जिससे अव्यवस्था फैल गई। आनन फानन में एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम, बीईओ महेश पटेल, खेल नोडल अधिकारी यशवंत बघेल एवं संकुल समन्वयक तथा शिक्षकों ने चंदा कर सैकड़ों छात्र –छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था किया था। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने 15 अक्टूबर दिन बुधवार को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके आज सुबह 11 बजे ही सांसद खेल महोत्सव मैनपुर का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर को जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को भोजन पानी एवं अन्य अव्यवस्थाओ से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निरीक्षण के बाद आज सांसद खेल प्रतियोगिता में बच्चो को बेहतर भोजन के साथ पीएचई विभाग द्वारा दिनभर पानी की व्यवस्था की गई। साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई जिसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो एवं छात्र –छात्राओं प्रतिभागियो ने गरियाबंद कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस दौरान कलेक्टर ने खेल मैदान में घूम – घूमकर कई खेल प्रतियोगिता को देखा और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही आगामी समय में इस खेल स्टेडियम में और भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही है।



शिक्षकों ने सहयोग राशि एकत्र कर भोजन की व्यवस्था की

सांसद खेल महोत्सव में अव्यवस्था, फंड की कमी से प्रतिभागी बच्चे पानी-भोजन को तरसे

फंड की कमी बनी बड़ी समस्या

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरूण चक्रधारी, उमेश वार्चो, वात्सल्य गुप्ता, तुपेन्द्र मिश्रा, मुकेश ठाकुर, प्रदीप सिन्हा, टीकम पटेल, आसीफ खान, पतिराम साहू, जगदीश गुप्ता, ईश्वर लाल कोसमा, पदमनी शांडिल्य, देवशरण साहू, रेणुका ठाकुर, पवन ठाकरु, शेख ईमामुद्दीन, लोभान देवदास, हेमलता साहू, लोकेश कांशी, दामोदर नेगी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक संकुल समन्वयक एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा के बाद अंचल में गुलाबी ठंड, सुबह-शाम धुंधला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- गुलाबी ठंड ने दी दस्तक
- फसलों पर ओस की लड़ियां

शरद पूर्णिमा के बाद जिले में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह-सुबह मौसम में हल्की ठंडक के साथ लोगों ने सर्दी की शुरुआत महसूस की। सूर्योदय से पहले पूरे क्षेत्र में धुंध छाई रही, जिससे दृश्यता कम हो गई। राहगीरों को रास्ता देखने में परेशानी हुई।

सुबह की हवा में अब ठंडक का एहसास साफ झलक रहा है। कोहरे की चादर के बीच खेतों में धान की फसलों पर ओस की बूंदें मोतियों की तरह चमक रही हैं। यह नज़ारा ग्रामीण अंचल में खूबसूरती बढ़ा रहा है।



### आने वाले समय में और गिरेगा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे ठंड का असर और बढ़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अब सूर्य की गर्मी तापते हुए दिन की शुरुआत कर रहे हैं, वहीं बच्चे सुबह की हल्की ठंड का आनंद लेते नजर आ रहे हैं।


विश्वास आपका... क्वालिटी हमारी...

CHACHI™ Bazaar

चाची बाजार

डिज़ाईन

वैरायटी

कलेक्शन

आपके सबसे खास त्यौहारों पर...

आपको और क्या चहिए...

तो पधारिए लेटेस्ट कलेक्शन के लिए...

सभी पारिवारिक वस्त्रों की रेंज उपलब्ध



चाची बाजार, गंज रोड, नवापारा-राजिम, मो.: 89621-75674

## नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में दीया सजावट प्रतियोगिता



छुरा। नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में दीपावली के अवसर पर दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने मिट्टी से खुद दीये बनाए और उन्हें आकर्षक रंगों से सजाया। कक्षा पहली में प्रथमः भावना लहेरे, योगिता सिन्हा, द्वितीयः भीष्म सागर, तृतीयः चारुल साहू, रोहांस यादव। वहीं कक्षा दूसरी में प्रथमः गार्गी साहू, द्वितीयः मोक्ष, तृतीयः चेष्टा साहू। कक्षा तीसरी में प्रथमः इरशाद शेख, द्वितीयः हुमांशी, तृतीयः भूमि ध्रुव। कक्षा चौथी में प्रथमः ख्याति ध्रुव, द्वितीयः देवांशु देवा, तृतीयः उज्जवल ठाकुर। कक्षा पाँचवी में प्रथमः गनिष्ठा साहू, द्वितीयः प्रज्ञा, तृतीयः अरहान
माध्यमिक स्तरःप्रथमः प्राची यादव, इशंत, दीपाली मोहित विहान ने बाजी मारी भोजराज विद्यालय के प्राचार्य संतोष निषाद ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmchhura@gmail.com
**:: उद्घोषणा ::**
ई-कोर्ट 202510222000008/अ-2/वर्ष 2025-26
ग्राम- गोंदलाबाहरा प.ह.नं. 03
**तहसील छुरा** जिला गरियाबंद छ.ग.
**छुरा दिनांक 13.10.2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारिणी बघेल पति मनोहर लाल बघेल जाति सतनामी निवासी ग्राम गोंदलाबाहरा, तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम गोंदलाबाहरा, प.ह.नं. 03 तहसील-छुरा में स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि ख.नं. 261/2, 261/3 रकबा क्रमशः 0.09, 0.09 कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.18 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1, की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 30.10.2025 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2025 को जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा**

### आयोजन में विधायक रोहित साहू ने की शिरकत

# गुरु घासीदास के विचारों को समर्पित समरसता समारोह में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम पंडरीतरई मे मंगलवार को ग्राम विकास समिति व समस्त ग्रामवसियो द्वारा एक एक व्यक्ति को समाज के प्रति उनके कर्तव्यों को याद दिलाने सामाजिक समरसता का आयोजन रखा गया था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की लाडले विधायक रोहित साहू थे वही अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू जो किसी कारण से नहीं पहुंचने पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद व मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष छुरा नीरा ठाकुर ने की अतिथियों के स्वागत में पूरा गांव उमड़ा हुआ था।

विधायक रोहित साहू सहित अतिथियों का धूमधाम से बाजे गाजे व फटाके के साथ भव्य स्वागत किया, तत्पश्चात बाबा गुरु घासीदास की विधिवत पूजा अर्चना किये तथा अपने समर्थकों को अभिवादन करते हुए मुख्य मंच तक पहुंचे इस दौरान रोहित साहू जिंदाबाद के नारे जोर-शोर से लगते रहे. उपस्थित सभी अतिथियों का क्रमशः मंच पर स्वागत वंदन हुआ और फूल माला गमछा से आत्मीय सम्मान किया। इस दौरान वहीं शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सभापति और इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत सदस्य ने कहा की सामाजिक समरसता





का भाव हर व्यक्ति में झलकना चाहिए। सभी जातियों के लोगों को एक ही भाव से देखना चाहिए ताकि समाज में हम एक दूसरे के सहयोग में अपना हाथ बटा सके। बाबा गुरु घासीदास ने सत्य के प्रति शांति का झंडा गाड़ा है उसे हमें निरंतर आगे समाज हित में बढ़ाना होगा और एक दूसरे के सहयोग से गांव के विकास में आगे बढ़ना होगा।

अपने उद्बोधन में सरपंच तुलेश्वरी साहू ने गांव की कमियों को विस्तार से बताते हुए माननीय विधायक रोहित साहू से मांग किया कि गांव मे 15 लाख का टीना सेठ, 10 लाख महिला भवन, और स्ट्रीट लाइट पुरे गांव के लिये जो गांव के हर कोने को शौसनी से जगमगा दे आगे कहा की ऐसे विधायक युगो युगों में एक बार मिलता है जो हमारे राजिम विधानसभा को इस बार मिला है विकास की एक नई इतिहास में आगे बढ़ रहा है जिसको जमाना सालों साल याद रखेगा.

### महान संत थे बाबा

बाबा गुरुघासीदास एक महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है। आगे कहा कि हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से हम सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, एकजुट रहने और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए विकास की राह में आगे बढ़ने की बात कही।

**रोहित साहू**, विधायक

### ये रहे उपस्थित

नीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद छुरा,गोपी ध्रुव मंडल अध्यक्ष कोपरा, वीरेंद्र साहू युवा मोर्चा, जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच तुलेश्वरी लीला साहू, सरपंच दशोदा लोमस ध्रुव,उपसरपंच एलुराम साहू, वरिष्ठ लखन साहू, बचन घोघरे, बंशी लाल साहू, मनीष साहू युवा नेता, रामाधर साहू, नरायण ध्रुव, पूरन साहू पंच, गजाननंद साहू पंच, गयराम साहू पंच, चित्रलेखा साहू पंच, करुणा घोघरे पंच, देवकी बंदे पंच, गणेश देवदास पंच, डोमेश्वर ध्रुव पंच, रूपराय घोघरे पंच, चंद्रशेखर साहू महामंत्री किसान मोर्चा, धनंजय साहू बूथ अध्यक्ष, श्यामलाल, बोधन घोघरे, नरेश घोघरे, पूर्व सरपंच सोमनाथ साहू, पुरषोतम साहू, सहित बड़ी संख्या मे छोटे बच्चे और महिलाएं तथा बुजुर्गगण युवा साथी मौजूद रहे।

## जोन स्तरीय सांसद खेल में कोच समेत 800 खिलाड़ी हुए शामिल



अभनपुर। सांसद खेल महोत्सव अभनपुर के प्रथम चरण का जोन स्तरीय आयोजन ग्राम ऊपरवारा के आईटीएम विश्वविद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अभनपुर विकासखंड के 26 ग्राम पंचायतों से लगभग 700 खिलाड़ियों एवं 100 कोच-मैनेजर सहित कुल 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी सीईओ अभनपुर अतिथि श्रीमती नीतू मिस्त्री ने विजता खिलाड़ियो को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विकासखंड खेल अधिकारी विजय रत्नाकर ने बताया कि खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाना एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। उन्होने बताया कि प्रथम चरण का दूसरा आयोजन खोरपा मे 17-18 अक्टूबर,तीसरा आयोजन गातापार 28-29 नवम्बर एवं चौथा आयोजन ग्राम पोड़ मे 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर को संपन्न होगे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पांडे, पीतांबर पटेल, विवेक साहू,वरुण पांडे , तूता सरपंच भरत बैस,सरपंच श्रीमती हेमा पांडेल, श्रीमती टेमिन साहू, नेतराम साहू,मुकेश साहू, प्राचार्य श्रीमती किरण ठाकुर, वरिष्ठ खेल अधिकारी बी.आर. साहू ,शिवनंदन देवांगन ,डिप्टी रजिस्ट्रार विकास भोंसले, एडमिन डायरेक्टर राजीव पांडे, खेल अधिकारी प्रकाश मौर्य, श्री मिश्रा, वरिष्ठ खेल अधिकारी पोमन तारक,रितेश चंद्राकर,लुकेश नामदेव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## खट्टी विद्यालय को दान में मिला मल्टीग्रेन बोर्ड

अभनपुर। ग्राम सुरक्षा विकास समिति ग्राम खट्टी के संयोजक एवं समाजसेवी प्रभात मिश्र ने ग्राम में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण साधनों से जोडने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क मल्टीग्रेन बोर्ड प्रदान किया। इस अवसर पर प्रभात मिश्र ने कहा कि बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का वातावरण बनाना हमारा साझा संकल्प है मल्टीग्रेन बोर्ड के माध्यम से बच्चे अधिक रुचिपूर्ण और प्रभावी ढंग से पढ़ सकेंगे। शिक्षा ही वह साधन है जो गाँव को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। इस मौके पर मुख्य रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक



नरेंद्र जी उपस्थित रहे। उन्होंने इस जनसेवी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम समाज की भागीदारी से ही शिक्षा सशक्त और समृद्ध बन सकती है।

## सीआरपीएफ प्रशिक्षण दिया एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया

अभनपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक शाला तामासिवनी में सीपीआर जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सीआरपीएफ चिकित्सा विभाग द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ स्वास्थ्य विभाग के सीईओ डॉ. गर्ग, डॉ. शालिनी सोरेन तथा सीआरपीएफ के जवानों ने नाट्य प्रदर्शन एवं डमी के माध्यम से बताया कि किसी व्यक्ति की हृदय गति या सांस रुक जाने (हार्ट अटैक) की स्थिति में किस प्रकार सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। इस दौरान अनेक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने स्वयं भी सीपीआर का अभ्यास किया और जीवन रक्षक तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मे लगभग 80 से 100 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा जिन विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी थी, उन्हें आवश्यक दवाइयाँ भी प्रदान की गईं। इस



आयोजन में मुख्य सहयोग जनपद सदस्य एवं सभापति विवेक तिवारी, सरपंच श्याम साहू एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरुण साहू का रहा। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रचना बुधवानी, प्रधानपाठक धनीराम,विनय कुमार पटेल, लक्ष्मीचंद सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप

### किशोर देवांगन ने दी डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन बुधवार को राजधानी रायपुर पहुंचकर राज्य के पूर्व सीएम व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके जन्मदिन पर शॉल श्रीफल और बुके भेंटकर बधाई दी। श्री देवांगन ने कहा कि डॉ रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर काफी आगे बढ़ाया। कहा कि उनके जादुई व्यक्तित्व के कारण उनकी उपस्थिति मात्र से भाजपा कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा, उमंग और उत्साह का संचार होता है, जिससे भाजपा को संबल मिलता है। वे खुद अपने छात्र जीवन से ही डॉ. सिंह से प्रभावित रहे हैं जिसके चलते उन्होंने सरकारी सेवा में जाने के अपने निर्णय को दरकिनार कर एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में जनसेवा करने का निर्णय लिया।

### सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 17 को

**राजिम।** नवयुवक मंडल छत्तीसगढ़ बेरोजगार संघ राजिम द्वारा प्रथम प्रयास के रूप में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बस स्टैंड राजिम में 17 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 3000/- लिलेश्वर यदु द्वारा ,द्वितीय पुरस्कार 2500/- सुनील जैन द्वारा ,तृतीय पुरस्कार 1500/- राजेंद्र गुप्ता द्वारा दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी टीम को सांत्वना पुरस्कार बेरोजगार संघ राजिम के द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### आरएसएस के 100 वर्ष पूरे, मैनपुर में हुआ पथ संचलन

**मैनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे पथ संचलन का आयोजन किया गया जहां स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। इस दौरान मैनपुर के स्थानीय सामुदायिक भवन परिसर मे विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एकत्रीकरण, उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल गोविन्द पटेल एवं मुख्या वक्ता जिला प्रचारक गरियाबंद सनत पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होने बौद्धिक दिया उन्होंने संघ की स्थापना की आवश्यकता, उसके उद्देश्य और 100 वर्ष की यात्र पर प्रकाश डाला।







## कार्रवाई : कलेक्टर उइके ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# जनसमस्याओं के तत्परता से निराकरण, पर्यावरण संरक्षण और धान खरीदी की तैयारियों पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आयोजित कलेक्टर-एसपी बैठक के बाद सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्य में लापरवाही, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी और कार्यों में देरी को लेकर सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डीएफओ शशिकानंदन के., जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, नवीन भगत सहित वरिष्ठ जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

- समयसीमा की बैठक में कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर उइके ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जनसमस्याओं, शिकायतों और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं का समय पर निराकरण अनिवार्य है, अन्यथा संबंधित अधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि रायपुर में हाल ही में संपन्न कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य संस्कृति में सुधार और कार्यालयीन समय का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने और नागरिकों से मिलने के लिए समय व तिथि निर्धारित कर सूचना कार्यालय के बाहर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि नदी किनारों पर तट कटाव रोकने, बंजर एवं अतिक्रमित भूमि पर पौधरोपण करने और बिगड़े वनों के सुधार कार्य पर तेजी से कार्य किया जाए। कलेक्टर ने वन विभाग को अपात्र वनाधिकार पट्टों के आवेदन निरस्त करने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।

### ईको टूरिज्म की संभावना

कलेक्टर ने कहा कि गरियाबंद में ईको टूरिज्म विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिले के प्राकृतिक स्थलों को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। बैठक में स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से वापस न किया जाए। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को तहसीलदारों से समन्वय कर शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होगी। इसके लिए गिरदावरी सत्यापन कार्य को समय-सीमा में पूरा किया जाए।

## महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधरेगी व आएगी मजबूती



**छुरा।** कला एवं मानविकी संकाय, आइएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस 2025 के अवसर पर "ग्रामीण महिलाएं : पीढ़ी दर पीढ़ी का बोझ" नामक विषय पर 15 अक्टूबर को ग्राम हरदी में व्याख्यान एवं स्वास्थ्य जागरुकता के लिए महिला संबंधी बीमारियों से अवगत कराया गया ।

कार्यक्रम में कला एवं मानविकी संकाय के साथ-साथ विधि संकाय और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थीगण एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम हरदी की सरपंच श्रीमती गोमती ध्रुव एवं सरपंच प्रतिनिधि संतु ध्रुव के स्वागत से हुई। हिन्दी विभाग की डॉ. मुमताज परवीन ने विषय की भूमिका समझाते हुए सामाजिक समस्याओं पर चर्चा की। सरपंच गोमती ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा कि "निश्चित ही इस कार्यक्रम से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना बढ़ेगी और समाज के अन्य उत्तरदायित्व को निभाने के लिए महिला खुद को मजबूत कर पाएंगी ।" सरपंच संतु ध्रुव ने भी इस कार्यक्रम की प्रशंसा कीं । विधि विभाग की सुश्री रागिनी सोनी ने किस तरह ग्रामीण महिला अपनी भावी पीढ़ी को ज्ञान और किसी कला में दक्ष करने के लिए प्रयास कर सकती है की जानकारी दी।

### ग्रामीण महिलाएं अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करती हैं: रत्नाकर

वाणिज्य विभाग से डॉ. ओमप्रकाश रत्नाकर ने भी श्रोतागण को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं की जीवनशैली शहरी जीवन से किस तरह भिन्न है। ग्रामीण महिलाएं अत्यंत भावुकतावश अपने स्वास्थ्य की देखभाल को नजरअंदाज कर जाती हैं। वे अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। अंत में बिहान योजना की सदस्य सावित्री कंवर ने भी कार्यक्रम के उद्देश्य की सराहना की। कार्यक्रम ग्राम हरदी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ । जिसमें बिहान कार्यक्रम की ग्रामीण महिला सदस्य उपस्थित रहीं ।

## विज्ञान सेमिनार, मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**फिंगेश्वर।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय राज्य बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला विज्ञान नाटिका विज्ञान सेमिनार विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शनी विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह,सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल मालगांव में आयोजित किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह, सहायक संचालक के. एस. पैकरा, जिला नोडल ज्ञानेंद्र शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया. बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत मॉडल प्रदर्शनी प्रोजेक्ट नाटिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान से संबंधित इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए। बच्चों की विज्ञान विषय के प्रति रुचि बनी रहे। कार्यक्रम में हाईस्कूल मालगांव की प्राचार्य निशा पंचभिए, निर्णायक कुंदन रावत,शिल्पा गोस्वामी थी।

## धान खरीदी के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन होना अनिवार्य



**छुईहा बेलर।** अंचल के प्रगतिशील कृषक, शासन से सम्मानित एवं भाजपा नेता पूर्व सरपंच रामाधार साहू एवं प्रभारी कृषि परियोजना अधिकारी फिंगेश्वर ने बताया है कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। एग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-1030 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल भारत सरकार द्वारा विकसित एक यूनिफाइड एग्रीकल्चर डेटाबेस है, जिसमें किसानों का भूमि एवं आधार लिंक्ड पंजीयन किया जाता है।

पंजीकरण उपरांत किसानों को एक यूनिक फार्मर आईडी प्राप्त होती है। यह आधार लिंक्ड डेटाबेस शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ केवल वास्तविक पात्र किसानों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रामाधार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत किसानों को सीधे भुगतान किया जाता है। सभी पात्र किसान सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ इस योजना का वास्तविक लाभ प्राप्त करें।

## योग के क्षेत्र में रोल मॉडल बनकर उभरेगा जिला गरियाबंद: सिन्हा



**छुरा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं योग विज्ञान विभाग, श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का भव्य आयोजन न्यू सर्किट हाउस रायपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में देश-विदेश से आए योग विशेषज्ञों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं योग प्रेमियों ने नवीन शोधपत्रों का वाचन किया एवम योग की बारीकियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने की। इस अवसर पर तुलसीदास कौशिक निज सचिव मुख्यमंत्री, चिन्मय दावड़ा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री दावड़ा विश्वविद्यालय, डॉ. चार्मी दावड़ा डायरेक्टर जनरल, डॉ. कुमार श्वेताभ रजिस्ट्रार तथा डॉ. वरुण गंजीर सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञों ने विभिन्न सत्रों में योग के सिद्धांत, शोध एवं आधुनिक जीवन में योग की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए तथा श्रेष्ठ शोध प्रस्तुतियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। उन्होंने कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना आज की आवश्यकता है। कार्यशाला में पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग के मास्टर ट्रेनर, योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को भी आमंत्रित किया गया था। जिले से जिला सोशल मीडिया प्रभारी पोखन ठाकुर, महासमुंद जिला योग प्रचारक आर्य प्रकाश चंद्राकर शामिल हुए।

# सीड बाल महाअभियान में स्कूली बच्चों की हरियाली वाली मिसाल



**राजिम।** एक लाख सीड बाल महाअभियान' के अंतर्गत शासकीय पं. रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजिम के मिशन लाइफ इको क्लब, एनसीसी तथा साइंस क्लब के छात्र-छात्राएँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। वहाँ विद्यार्थियों ने डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को सीड बाल वितरित किए और हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. बीरेन्द्र हिरोन्दिया ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज जब पर्यावरणीय संकट एक गंभीर चुनौती है, तब इन नन्हे पर्यावरण प्रहरी का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

- डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सौंपे 'हरित भविष्य' के संदेशवाहक

इन बच्चों से हमें सीख मिलती है कि परिवर्तन की शुरूआत छोटी कोशिशों से होती है। डॉ. हुमने ने बच्चों की पहल की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इसे वास्तव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावशाली कदम बताया। ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। स्कूली छात्रों की इस मुहिम को डॉ. स्वाति मिश्रा ने अद्वितीय और अनुकरणीय उदाहरण कहा। वहीं डॉ. अरुण अवधिया ने भी विद्यार्थियों की पहल को सराहते हुए कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि बच्चों में जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का भी विकास कर रहा है। ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले के कई विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और संस्थानों में छात्रों द्वारा न केवल सीडबाल वितरित किए जा रहे बल्कि विद्यार्थियों द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही।

**विद्यालय से समाज तक फैल रही है हरियाली की चेतना :** कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने डॉक्टरों और नर्सों को सीड बाल बनाने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि मिट्टी, गोबर और बीज से बने ये गोले वर्षा ऋतु में खुले क्षेत्रों में फेंके जाने पर प्राकृतिक रूप से अंकुरित होकर पौधों में परिवर्तित हो जाते हैं। डीआरजी ईको क्लब सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी ने कहा कि यह पहल केवल विद्यालयों तक सीमित नहीं है बल्कि आने वाले दिनों में इसे हर घर, हर गाँव, हर शहर तक भी विस्तारित किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ ने भी बच्चों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहलें समाज में हरियाली और जागरूकता दोनों को बढ़ावा देती हैं।

## ज़िला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाया दम



**नवापारा-राजिम।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन में बालिका वर्ग हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दौड़ से हुआ जिसमें प्रथम स्थान सोनाली देवांगन ,द्वितीय स्थान इंद्राणी साहू ,बालक वर्ग में प्रथम स्थान हार्दिक पाल एवं कान्ता यादव रहा।

गोला फेंक में बालिका वर्ग से सोनम साहू प्रथम ,जमिन निषाद द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक में बालक वर्ग से करण सोनकर प्रथम एवं पुलकित द्वितीय। खो-खो में बालिका वर्ग नवाकिरण ग्रुप प्रथम तथा माँ भारत शारदा ग्रुप द्वितीय। रस्साकसी में बालक वर्ग में अनंत युवा ग्रुप प्रथम एवं जन-जागरण ग्रुप द्वितीय। सभी विजयी प्रतिभागियो को मेमोंटो मेडल देकर पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ,संतोष मिश्रा थे। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी ने विजयी प्रतिभागियो को अपनी शुभकामनाएं दी।

